कार्यालय अंचल अधिकारी,गाण्डेय (गिरिडीह)

अभिलेख संख्या– 23/2020–21
अभिलेख का प्रकार– विविध वाद

श्री प्रमेश्वर हेम्ब्रोम,
पिता–दिनु हेम्ब्रोम,
मौजा–बेलाटॉड

आदेश – फलक

15/03/22

प्रमेश्वर हेम्ब्रोम के आवेदन पत्र पर यह वाद प्रारंभ किया गया, उन्होंने मौजा–बेलाटॉड, थाना नं0–286, खाता नं0–15, प्लॉट नं0–322 एवं प्लॉट नं0–328, रकवा क्रमशः–38डी0 एवं 12डी0, कुल रकवा 50डी0 तथा खाता नं0–15, प्लॉट नं0–328, रकवा–31डी0 भूमि से संबंधित केवाला, शुद्धि पत्र एवं लगान रसीद की छायाप्रति संलग्न कर ऑनलाईन पंजी–II में दर्ज करने का अनुरोध किया है।

आवेदक द्वारा समर्पित आवेदन पत्र की जॉच संबंधित राजस्व उप निरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक से कराई गई, उनके प्रतिवेदनानुसार मौजा–बेलाटॉड, थाना नं0–286, खाता नं0–15, प्लॉट नं0–322 एवं प्लॉट नं0–328, रकवा क्रमशः–38डी0 एवं रकवा–43डी0 ऑनलाईन खतियान में कंधु साहु, वल्द प्रसाद भगत, जाति–तेली के नाम से रैयती खाते की भूमि अंकित है। संबंधित भूमि को केवाला सं0–2228, दिनांक 22.06.2017 द्वारा थाना नं0–286, खाता नं0–15, प्लॉट नं0–322 एवं प्लॉट नं0–328, रकवा क्रमशः–38डी0 एवं रकवा–12डी0 कुल रकवा–50डी0 एवं केवाला संख्या 2229, दिनांक 22.06.2017 से खाता नं0–15, प्लॉट नं0–328, रकवा–31डी0 खागो महतो, पिता–स्व0 छोटो महतो से खरीद की गई है। खागो महतो को दिनांक 22.04.1950 के द्वारा वजरीय केवाला से हासिल है जो खाता नं0–15/1 एवं खाता नं0–25, कुल रकवा–10.78ए0 का जमाबंदी पंजी–II के पृष्ठ संख्या–61, भाग–1 पर अंकित है।

साथ ही उल्लेख किया गया है कि प्रमेश्वर हेम्ब्रोम, पिता–दिनु हेम्ब्रोम के द्वारा खरीदगी जमीन का दाखिल–खारिज वाद संख्या–180/2016–17 एवं दाखिल–खारिज वाद संख्या–181/2016–17 के अनुसार नामांतरण शुद्धि पत्र प्रस्तुत किया। मूल पंजी–II के पृष्ठ संख्या–91, भोलुम– III एवं पंजी–II के पृष्ठ संख्या–92, भोलुम–III पर जमाबंदी कायम कर प्राधिकार कॉलम में दाखिल–खारिज वाद संख्या–596/2016–17 एवं 597/2016–17 पंजी–II में अंकित किया गया हैं।

आवेदक का पक्ष सुनने एवं प्रस्तुत दस्तावेजो/राजस्व उप निरीक्षक एव प्रभारी अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन अवलोकनोपरान्त पाया की इनके द्वारा खरीदगी भूमि मौजा–बेलाटॉड, थाना नं0–286, खाता नं0–15, प्लॉट नं0–322 एवं प्लॉट नं0 328, रकवा क्रमशः 38डी0 एवं रकवा–12डी0 कुल रकवा–50डी0 तथा खाता नं0–15, प्लॉट नं0–328, रकवा–31डी0 भूमि का निर्गत शुद्धि पत्र का मिलान कार्यालय में संधारित पंजी–27 से किया गया जिसमे आवेदक का नाम अंकित नहीं है। साथ ही साथ मूल पंजी–II में अंकित दाखिल–खरिज वाद संख्या एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत शुद्धि पत्र में अंकित दाखिल–खारिज वाद संख्या में भिन्नता पाई गई।

अतएव उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में श्री प्रमेश्वर हेम्ब्रोम का आवेदन पत्र को अस्वीकृत किया जाता है।

विचारणीय तथ्य यह है कि आवेदक द्वारा आवेदित भूमि सर्वे रैयती खाते की है, जो क्रय तिथि से दखलकार है, लेकिन प्रश्नगत भूमि का दाखिल–खारिज सक्षम प्राधिकार से नहीं किया गया है। जिसका विधिवत नामांतरण किया जाना न्यायोचित है। ऐसी परिस्थिति में श्री प्रमेश्वर हेम्ब्रोम, पिता–दिनु हेम्ब्रोम, मौजा–बेलाटांड, थाना संख्या–286 का मूल पंजी II के पृष्ठ संख्या 91/3 तथा पृष्ठ संख्या 92/3 में अंकित जमाबंदी को रद्द करने की अनुशंसा की जाती है।

अतः अभिलेख भूमि सुधार उप समाहर्त्ता गिरिडीह को भेजे ।

लेखापित एवं संशोधित।

अंचल अधिकारी,
गाण्डेय

अंचल अधिकारी,
गाण्डेय।

Digitally signed by SAFI ALAM
Date: 2022.03.24 17:22:33 +05:30
Location: 192.168.1.102

Scanned by CamScanner